गैरसैंण,सोमवार
20 जनवरी 2025
वर्षः 16
अंकः 243 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

त्यूणी के ग्राम प्रहरियों को छह महीने से नहीं मिला मानदेय

विकासनगर। जौनसार बावर की त्यूणी तहसील क्षेत्र में कार्यरत ग्राम प्रहरियों को छह महीने से मानदेय नहीं मिल पाया है। इस कारण वह आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। परेशान ग्राम प्रहरियों का कहना है कि अधिकारियों को कई बार अपनी पीड़ा बताई गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्राम प्रहरी संगठन के अध्यक्ष लायक राम वर्मा के साथ ही पृथ्वी सिंह, रोशन लाल, राम लाल, जगवीर, सुरेश, सुभाष, नरेश, हरदेव, सुल्तान ने बताया कि पिछले मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। त्यूणी तहसील क्षेत्र के गांवों में 35 ग्राम प्रहरी हैं। ग्राम प्रहरियों को पहले तो कम मानदेय मिलता है, लेकिन वो भी समय पर नहीं मिल रहा है। प्रहरियों को न तो मानदेय समय पर मिल रहा है और न ही अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। ग्राम प्रहरियों का कहना है कि मांगों को लेकर उच्चाधिकारियों को कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्राम प्रहरियों ने आर्थिक हालत को देखते हुए जल्द मानदेय दिए जाने की मांग की है। उधर, तहसीलदार सुशीला कोठियाल ने बताया कि तहसील के ग्राम प्रहरियों के मानदेय के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस माह में भुगतान होने की उम्मीद है।

सोशल मीडिया पर तंबाकू का प्रचार करने पर केस

हरिद्वार। उत्तराखंड शासन के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर तंबाकू उत्पाद को अधिकारिक तौर पर सेल करने को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने का मामला सामने आया है। मामले में एसएसपी के आदेश पर सिडकुल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिडकुल एसओ मनोहर भंडारी ने बताया कि तंबाकू के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक पोस्ट चल रही थी। जिसमें उत्तराखंड शासन के लेटर हेड का इस्तेमाल कर तम्बाकू उत्पाद को अधिकारिक तौर पर उत्तराखंड सरकार की ओर से सेल करने के लिए दिखाते हुए पत्रावली सोशल मीडिया पर प्रासरित कर दी गई। साथ ही एनटीसीपी के डिस्ट्रिक्ट कंस्टलटेंट सुनील राणा की ओर मामले में शिकायत दी गई। मामले का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कार्रवाई के आदेश दिए। जिस पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही भ्रामक प्रचार करने वाले आरोपियों को चिह्नित कर लिया जाएगा।

गोली लगने से हुई थी युवक की मौत

हरिद्वार। पैथोलॉजी लैब में काम करने वाले युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में नया राज खुला है। कर्मचारी की मौत गोली लगने से हुई थी। पोस्टमार्टम में यह तथ्य सामने आया है। इधर कर्मचारी के शव को दफनाने से पहले ही पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। जबकि परिजन शव को दफनाने के लिए जा रहे थे। रविवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सभी एंगलों पर जांच कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गढ़ निवासी 21 वर्षीय वसीम पुत्र मुस्तकीम की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन उसे दफनाने की तैयारी कर रहे हैं। जिस पर तुरंत कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे और शव को कब्जे में ले लिया था। मौके पर शव को देखने से कमर पर जख्म मिला था। शव को मोर्चरी में भिजवाते हुए प्रारंभिक तौर पर एक्सरे भी कराया गया, तब सामने आया कि युवक की कमर में गोली लगी हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मृतक वसीम की कमर में गोली लगी थी। अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी एंगलों पर जांच चल रही है।

किसान नेता डल्लेवाल खत्म कर सकते है अपना आमरण अनशन

खनौरी ,एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर किसानों का धरना लगातार जारी है। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारत के ज्वाइंट सचिव प्रिया रंजन सहित पंजाब पुलिस के सीनियर अधिकारीगण शनिवार को खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। उन्होंने जगजीत सिंह डल्लेवाल का हालचाल जाना। कुछ समय के बाद डल्लेवाल ने सेहत नाजुक होने के कारण अधिकारियों से बातचीत से किनारा करते हुए किसान नेताओं को अधिकारियों से बातचीत करने का आग्राह कर दिया। प्रिया रंजन के साथ किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़ आदि द्वारा मुलाकात की जा रही है। इस दौरन किसानों ने एक प्रैस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को एक प्रपोजल दिया है।

प्रयागराज : सिलेंडर फटा, महाकुंभ में 18 शिविर खाक

प्रयागराज । प्रयागराज में रविवार को महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग टैंट में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट होने के बाद लगी और देखते ही देखते 18–19 टेंट जलकर खाक हो गए हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मौके पर पहुंच गए हैं। पहुंचने के बाद घटना की जानकारी ले रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां लगी हुई हैं, पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें आग पर काबू पाने के लिए आसपास के हिस्से को खाली करवा रही है।

आग शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच के इलाके में लगी है। ये पूरा इलाका महाकुंभ मेला क्षेत्र में आता है। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए राहतकर्मी की कई टीमें मौके पर मौजूद हैं। दमकल की कई गाड़ियां लगी हुई हैं, लेकिन आग फैलते ही जा रही है। पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें आग पर काबू पाने के लिए आसपास के हिस्से को खाली करवा रही है। आग शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच के इलाके में लगी है। फिलहाल इस घटना से किसी के हताहत होने की कोई खबर अभी तक नहीं आई है। मेले के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रमोद शर्मा ने एजेंसी को बताया कि आग ने करीब 18 शिविरों को अपनी चपेट में ले लिया है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15–16 गाड़ियां भेजी गई हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद भीषण आग लगने की घटना सामने आई। आग महाकुंभ मेला के सेक्टर 19 में लगी। इससे मेला क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। आग की लपटों और धुएं के गुबार को दूर से भी देखा जा सकता था, आग लगने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने में जुट गईं। आग के चपेट में कई टेंट आ गए हैं। आग लगने की वजह से क्षेत्र में घना धुआं फैल गया, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दमकलकर्मी आग को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

26 जनवरी से पहले पाकिस्तान की बड़ी साजिश नाकाम

बाड़मेर ,देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बीच सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए हथियार बरामद किए गए हैं। इसमें 9 एमएम की 4 ग्लॉक पिस्तौल, 8 मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच तेज कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि ये हथियार पाकिस्तान की तरफ से तस्करी करके लाया गया है। एक सूत्र ने बताया, ह्यहदसीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। वहीं हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान संचालित कर रही हैं।

बाजपुर लघु भारत है, यहां विकास की गारंटी मेरी: सीएम

काशीपुर। बाजपुर लघु भारत है, यहां भाजपा को जिताओ विकास की गारंटी मेरी है। रविवार को यह अपील मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने रोडशो के दौरान कही। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गौरव शर्मा के पक्ष में रोड शो निकाला। मुख्यमंत्री धामी ने आने वाली 23 जनवरी को फूल के सामने मुहर लगाने की अपील की। इससे पहले मुख्यमंत्री तय समय से 1 बजे चीनी मिल स्थित मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद स्टेशन के सामने रोड शो की शुरुआत हुई। रोड शो के बीच में ही सीएम पुष्कर धामी गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। जहां पर उन्होंने गुरुग्रंथ साहिब के सामने श्रद्धापूर्वक माथा टेका। यहां पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने मुख्यमंत्री को सरोपा व तलवार भेंटकर उनको सम्मानित किया। वहीं इसके बाद सीएम का रोड शो भगत सिंह चौक पर पहुंचा। यहां पर कार्यकर्ताओं ने सीएम को गदा दी और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सीएम धामी ने कहा कि ये क्षेत्र मेरा परिवार है और मैं परिवार के बीच आया हूं। कहा कि मैं चाहता हूं क्षेत्रवासी इस बार भाजपा को यहां से जिताकर डबल इंजन की

सरकार बनाएं। लंबे समय से यहां कांग्रेस को आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप भाजपा के प्रत्याशी को विजय दिलाएं और विकास की गारंटी मेरी है। कहा कि यहां अगर फिर कांग्रेस प्रत्याशी जीता तो वो कहेगा कि सरकार मेरी नहीं है विकास कैसे करूं। बताया कि लेवड़ा नदी की बाढ़ की समस्या को दूर करने को सरकार प्रयासरत है, इसके बजट को स्वीकृति दे दी है। कहा कि ये शहर लघु भारत है ऐसे में राज्य सरकार व केंद्र सरकार की विकास योजनाएं यहां पर आएं, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। कहा कि आप यहां कमल खिलाओ हम गुलदस्ता बनाएंगे।

यहां सांसद अजय भट्ट, पूर्व सांसद बलराज पासी, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, राजेश कुमार, प्रत्याशी गौरव शर्मा, यशपाल राजहंस, कमल भट्ट, गोपाल रावत, उमा जोशी, कुसुम सैनी, ललित कोछड़ वायटी, अमित चौहान, आशीष ठाकुर, रेशम यादव आदि रहे।

युवाओं को रोजगार देगी सतपुली की झील: महाराज

सतपुली नगर पंचायत की चुनावी सभा ट्रिपल इंजन पर जोर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार: लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भाजपा की सरकार में सतपुली नगर पंचायत का चहुंमुखी विकास हो रहा है। बहुप्रतीक्षित सतपुली झील निर्माण हेतु नाबर्ड से 56,34,9700 (छप्पन करोड चौतीस हजार सत्तानबे हजार) रुपये स्वीकृत हुए हैं।

सतपुली झील निर्माण के बाद एक और जहां स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं दूसरी ओर यहां पर विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की जाएगी। सतपुली में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अंजना वर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सतपाल महाराज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नगर पचांयत सतपुली के कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु रुपये 1,61,4400 (एक करोड़ इक्कसठ लाख चवालीस हजार) स्वीकृत किए गए। दगलेश्वर महादेव मन्दिर में स्नानागार का निर्माण व सौन्दर्यकरण के लिए रुपये 76,00,000 (छियत्तर लाख) की लागत से विनिर्माण कार्य, चल रहा है। सतपुली में 2,81,00,000 (दो करोड इक्यासी लाख) की लागत से बहुंमजिला शॉपिग काम्प्लेक्श, सुलभ शौचालय और पार्किंग का निर्माण कार्य किया गया है। औडल बड़ा में गौशाला निर्माण हेतु 76,00,000 (छियत्तर लाख) रुपए लागत से निर्माण कार्य चल रहे हैं। सतपुली में 25,56,00,000 (पच्चीस करोड़ छप्पन लाख) रुपये की लागत से नगरीय पम्पिग पेयजल योजना स्वीकृत की गई है। पर्यटन विभाग से सतपुली में 40 शय्याओं के पर्यटन आवास गृह हेतु रुपये 4,42,65,000 (चार करोड़ बयालीस लाख पैसठ हजार) की स्वीकृति के साथ निर्माण कार्य चल रहा है। कार पार्किंग निर्माण हेतु रुपये 3,52,53,000 (तीन करोड़ बावन लाख तिरेपन हजार) की स्वीकृति साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। सिचाई विभाग से सतपुली में निरीक्षण भवन एवं डारमेट्री निर्माण कार्य के लिए रुपये 2,43,88,000 (दो करोड़ तिरालीस लाख अठ् ठासी हजार) की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। महाराज ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। जिस प्रकार तेजी के साथ ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है और उत्तराखंड में पर्यटकों व यात्रियों की संख्या में लगातार बड़ी मात्रा में इजाफा हो रही है उसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वह विज़न साकार होने लगा है जब उन्होंने कहा था कि आने वाला अगला दशक उत्तराखंड का होगा। उन्होंने जनता से भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अंजना वर्मा सहित सभी वार्डों से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूर है।

सात लाख कीमत के बाल चुरा ले गए चोर

नई दिल्ली । हरियाणा के फरीदाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, एक कारोबारी के घर चोरों ने बाल की चोरी कर ली है, जिसकी कीमत 7 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा चोरों ने घर में रखी 2 लाख 13 हजार रुपये की नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। अब पुलिस चोरों कीतलाश में जुटी हुई है। शिकायतकर्ता रंजीत मंडल ने बताया कि उनके घर में चोरी हुई है। चोर लगभग 7 लाख रुपये के महिलाओं के पुराने बाल चोरी कर ले गए। इसके अलावा 2 लाख 13 हजार रुपये के सामान की भी चोरी हो गई है। रंजीत मंडल ने बताया कि पुराने बाल खरीदने और बेचने का काम करते हैं। यह घटना 14–15 तारीख की रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुई। चोर उनके घर में सीढ़ियों के रास्ते घुसे और एक कमरे का ताला तोड़कर वहां से करीब 150 किलो महिलाओं के सिर के बाल, जिसकी कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है, चुरा ले गए। इसके अलावा, चोरों ने एक बैग में रखे 2 लाख 13 हजार रुपये नकद भी चुरा लिए। मंडल के अनुसार, घटना के वक्त घर में सभी लोग सो रहे थे। चोरी की यह पूरी घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें तीन से चार चोर दिखाई दे रहे हैं। रंजीत मंडल ने बताया कि उनके व्यवसाय में पुराने बालों का उपयोग विग और हेयर एक्सटेंशन जैसे उत्पादों में किया जाता है। यह बाल भारत के साथ–साथ विदेशों में भी बड़ी मांग में हैं।

कोलकाता कांड: दोषी संजय रॉय की मां बोली-मौत की सजा हो वह भी स्वीकार

कोलकाता । आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने शनिवार को आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। कोर्ट के फैसले पर आरोपी की मां मालती रॉय की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मेरी तीन बेटियां हैं, मैं उनका (पीड़िता के माता–पिता का) दर्द समझती हूं। रॉय की मां मालती ने सियालदह कोर्ट के फैसले पर कहा, 'उसे सजा मिलनी चाहिए। अगर कोर्ट उसे फांसी पर लटकाने के लिए भी कहे, तो मैं उसे स्वीकार करूंगी।' रॉय की बहन सबिता ने कहा, 'मेरे भाई ने जो किया है, वह अकल्पनीय और भयानक है। यह कहते हुए मेरा दिल टूट जाता है, लेकिन अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे अंतिम सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता मेरी तरह एक महिला थी, और एक डॉक्टर थी।' उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि वह अकेले ऐसा नहीं कर सकता। वे कहते हैं कि वह नशे में भी था। बता दें, मुकदमे के दौरान

जब संजय हिरासत में था, तब उनकी मां और बहन उससे मिलने नहीं आई थीं। संजय की गिरफ्तारी के बाद के हालातों के बारे में बताते हुए सबिता ने कहा, 'जिस दिन से मेरे भाई को गिरफ्तार किया गया है। घर से बाहर कदम नहीं रखा। मेरे पड़ोस में लोग हमारे परिवार के बारे में बहुत बुरी बातें कर रहे हैं। हर शनिवार को मैं एक स्थानीय मंदिर में जाती थी। मैंने वह भी बंद कर दिया है।' उन्होंने आगे बताया कि रॉय की गिरफ्तारी वाले दिन उनके ससुराल वालों ने उन्हें काफी कुछ सुनाया था।

केजरीवाल को खत्म करने की योजना बना रही भाजपा:आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा अरविंद केजरीवाल को ह्यखत्मह्ल करने की साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ 'अक्सर देखा जाता है'।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं। आतिशी ने कहा, 'कल नई दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा के अंदर अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया गया। यह हमला भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया था। अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले लोग कौन थे? करीब से देखने पर पता चला कि एक नाम है– 'शैंकी', जो भाजपा का उपाध्यक्ष है और अक्सर अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाता हुआ दिखाई देता है। इसके अलावा, वह अक्सर प्रवेश वर्मा के साथ पाया जाता है। प्रचार के दौरान शैंकी प्रवेश वर्मा के साथ निकटता से जुड़ा रहता है।'

आतिशी ने आगे बताया कि शैंकी उर्फ राहुल का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं। उन्होंने बताया, 'उसके खिलाफ गंभीर आरोप दर्ज हैं, जिसके तहत उसे सात साल तक की सजा हो सकती है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप दर्ज हैं। शकरपुर थाने में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और डकैती के आरोप लंबित हैं और उन मामलों में कार्रवाई चल रही है।

बारात में जा रही कार टायर फटने से पलटी, चार लोगों की मौत, चार अन्य घायल

बीकानेर ,राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र स्थित हंसेरा गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना ने चार लोगों की जान ले ली। घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।यह हादसा तब हुआ जब भोजासर से पेमासर जा रही एक बारात की अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान भोजासर निवासी भगवान दास, विनोद, सुनील और रावतसर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया।

मन की बात में मोदी ने किया महाकुंभ का जिक्र योगी गदगद

नई दिल्ली। 'मन की बात में रविवार को पीएम मोदी ने महाकुंभ को एकता और समता–समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। पीएम ने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। पीएम मोदी ने कुंभ, पुष्करम और ह्यगंगा सागर मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल–जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा, 'ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग

आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।' उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा, 'जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मन की बात' में महाकुंभ का जिक्रकरने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भारत की एकात्मता के जीवंत प्रतीक, आध्यात्मिकता, समता और समरसता के महासमागम महाकुम्भ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा कर हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया है।'

आंध्रा के लिए छह महीनों में तीन लाख करोड़ की योजनाएं: अमित शाह

अमरावती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए केवल छह महीनों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शाह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन के परिसर तथा अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।



शाह ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए आंध्र प्रदेश के लोगों से कहा कि वे ह्यबर्बादह्ल हुए पांच वर्ष पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायडू और प्रधानमंत्री मोदी राज्य के विकास के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर तेजी से प्रयास करते हुए मिलकर काम करेंगे। गृह मंत्री ने कहा, 'मैं यह आश्वासन देना चाहता हूं कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।' शाह ने एनडीआरएफ के बारे में कहा कि आज भारत आपदा प्रबंधन के मामले में विश्व स्तर पर अगुआ के रूप में उभरा है और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। एनडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान काम करता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ह्यमानव निर्मितह्ल संकटों के दौरान लोगों की सेवा करने के लिए आगे आता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में 2024 के विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत के बाद राजग 2025 की शुरुआत में दिल्ली में भी सरकार बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से राज्य के पूरी तरह से आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति में आने तक केंद्र से निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने की अपील की।

लोनी इलाके में 4 मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला और 3 बच्चे जिंदा जले

गाजियाबाद , दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक महिला और 3 बच्चों सहित कुल 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। वही, एक महिला और 6 साल की बच्ची भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 7:00 बजे सूचना मिली कि थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क मोहल्ले में एक मकान में आग लगी है। पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना की गई। फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पुलिस ने मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के बाद घर के अंदर से एक महिला व तीन बच्चों का शव बरामद हुए। वही, एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलसी हुई हालत में मिली।

पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे छात्रों के बीच पहुंचे राहुल गांधी

पटना ,बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की पीटी परीक्षा को रद्द करने और नॉर्मलाइजेशन के मुद्दे पर लंबे समय से पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे छात्रों से शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मिलने पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों के साथ धरना स्थल पर बैठकर उनकी बातें सुनीं।

एक दिवसीय बिहार दौरे पर आए राहुल गांधी शाम को धरनारत छात्रों के बीच पहुंचे और उनकी बातें सुनीं। कांग्रेस नेता ने छात्रों से कहा, मैं आपके साथ हूं, आप जहां भी कहेंगे, आपके साथ राहुल गांधी खड़ा मिलेगा। अभ्यर्थियों ने राहुल गांधी के इस कदम की सराहना की है। कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आईं हैं, जिनमें राहुल गांधी धरना स्थल पर छात्रों के साथ बैठकर उनसे बातचीत करते नजर आ रहे हैं। छात्रों

ने एक–एक कर अपनी मांगें राहुल गांधी के सामने रखीं। इस मुलाकात को अभ्यर्थी अपनी बड़ी सफलता बता रहे हैं। बता दें कि गर्दनीबाग में पिछले एक महीने से बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं।

सम्पादकीय

महिलाओं की सहभागिता और योगदान

21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विकी संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास महत्त्व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने–बाने को मजबूती दी है। मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरु आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विकी मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढऩे का अवसर दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है। एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑल–विमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक है, बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें साहस, सामूहिकता और नेतृत्व की नई उंचाइयों तक पहुंचा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है। पर बीते दशकों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण के कारण यह जीवनरेखा काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। गंगा के किनारे रहने वाले हर नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी छोटी–छोटी आदतें, जैसे प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, गंगा के तटों की सफाई बनाए रखना और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, गंगा के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के इस संकल्प में महिलाओं की भागीदारी समाज को यह संदेश देती है कि नदी संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक पवित्र आंदोलन है। गंगा का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों पर निर्भर नहीं हो सकता। यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के हर वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। इस अभियान के दौरान महिलाओं ने गंगा के किनारे बसे समुदायों के साथ बातचीत की और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वेटलैंड्स का दौरा, घाटों पर संवाद, और जल संरक्षण पर आधारित क्विज़ जैसे कार्यक्रमों ने गंगा संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना को बढ़ावा दिया। अभियान इस बात को भी रेखांकित करता है कि गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है।

विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के भीतर खेला

अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ–भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ–भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद 'जोड़ाफूल' (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था। ऐसे में टीएमसी नये–पुराने नेताओं में बंटती नजर आ रही है।

शंकर जालान

'खेला होबे', खेला होबे', यानी खेल होगा, खेल होगा? वाले जिस लोकप्रिय चुनावी नारे के बलबूते तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2021 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समेत तमाम विरोधी दलों को धूल चटाते हुए चुनावी रण से बाहर का रास्ता दिखाया था, मौजूदा समय में वही 'खेला' टीएमसी के भीतर होते दिख रहा है।

बुआ (ममता बनर्जी) और भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के बीच इन दिनों जो चल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि जल्द ही टीएमसी में भी कुछ बड़ा 'खेला' होने वाला है।

वैसे कई दफा और कई मुद्दों पर बुआ–भतीजे में मतभेद की खबरें आती रही हैं, लेकिन बीते दिनों अभिषेक के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले दो नेताओं (पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन और अराबुल इस्लाम) को बाहर का रास्ता दिखा कर ममता ने बताने की कोशिश की है कि पार्टी में सर्वेसर्वा केवल वे ही हैं। टीएमसी के कुछ नेता यह जरूर चाहते हैं कि भुआ–भतीजे का विवाद जल्द समाप्त हो जाए लेकिन विपक्ष विशेषकर भाजपा चाहती है कि भुआ–भतीजे के बीच दूरियां जितनी बढ़ेंगी, आगामी विधानसभा चुनाव में जीत उसके उतनी ही करीब होगी। मालूम हो कि 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं।

गत लोक सभा चुनाव में राज्य में मिली करारी हार के बाद भाजपा अभी तक सूबे में अपना संगठन मजबूत नहीं कर पाई है। प्रदेश के भाजपा नेता चाहते हैं कि उनका संगठन चाहे मजबूत हो न हो, लेकिन टीएमसी का संगठन जरूर कमजोर हो जाए। सांगठनिक ताकत के तौर पर वाम मोर्चा और कांग्रेस भी नये सिरे से अपनी शुरु आत के पक्ष में हैं। 2011, 2016 और 2021 में जीत यानी हैट्रिक लगाने वाली टीएमसी अपना घर ठीक से नहीं चला पा रही है। ममता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया हैं, तो अभिषेक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं। सभी जानते हैं कि ममता के बूते ही अभिषेक को पहचान मिली, कई दफा सांसद बनने का मौका मिला और पार्टी में महासचिव जैसा महत्त्वपूर्ण पद भी, लेकिन अब अभिषेक की महत्त्वाकांक्षा और पार्टी में दखलअंदाजी बढ़ गई है, जो ममता को रास नहीं आ रहा।

अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ–भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ–भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद 'जोड़ाफूल' (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था। ऐसे में टीएमसी नये–पुराने नेताओं में बंटती नजर आ रही है।

टीएमसी में महीनों से विवाद जारी है, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच मतभेदों का कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। पहले अभिषेक कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के कथित रेप और हत्या के मामले में राज्य सरकार के रवैए की आलोचना करने वाले कलाकारों के बहिष्कार के मुद्दे पर पार्टी के कुछ नेताओं से असहमत थे, लेकिन अब ममता ने अपने भतीजे के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों को आड़े हाथों लिया है। भुआ–भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत और सूबे की राजनीति पर कितना पड़ेगा, यह जानने के लिए इंतजार करना पड़ेगा लेकिन फिलहाल इतना कहा जा सकता है कि भुआ–भतीजे के सुर नहीं मिलने से संगठन के चुनाव में दिक्कतें आ रही हैं।

हाल में भांगड़ में अराबुल इस्लाम और सावकत मोल्लाह के बीच गुटीय संघर्ष की बात सामने आई। दोनों एक–दूसरे को टीएमसी का सदस्य मानने से भी कतरा रहे थे। अंततः अराबुल को निलंबित कर दिया गया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक साथ रेप और हत्या के बाद से स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार मुखर रहे टीएमसीके पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। शांतनु सेन को राजनीतिक हल्कों में अभिषेक का करीबी माना जाता है। टीएमसी ने उन्हें पार्षद से राज्य सभा सांसद बनाया। अभिषेक की मेहरबानी से चिकित्सकों के संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष बन गए थे। पार्टी के प्रवक्ता के तौर पर किया। राजनीति के पंडित इस निलंबन के पीछे भी विशेष रणनीति देख रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि टीएमसी में निलंबन की बात कब उठती है, यह भी स्पष्ट नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि निलंबन की घोषणा उन जयप्रकाश मजूमदार ने की जो कभी भाजपा में थे। अभिषेक के दोनों करीबियों के निलंबन को लेकर सूबे की राजनीति में उथल–पुथल मची है। चर्चा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह 'खेला' कहां तक चलेगा और कहां जाकर खत्म होगा।

कैल्शियम की कमी से हो सकती है ये बीमारियां, ऐसे करें इसकी कमी को पूरा

कैल्शियम है जरूरी

हमारे शरीर के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। कैल्शियम एक महत्वपूर्ण मिनरल है जो हमारी शरीर की हड्डियों और दांतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मदद करता है। साथ ही यह हमारे दिल और शरीर की अन्य मांसपेशियों के समुचित कार्य के लिए भी आवश्यक है। साथ ही कैल्शियम हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी है। ये खून में थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) की समस्या से राहत पाने में भी मदद करता है। सिर्फ इतना ही नहीं, शरीर के विकास और मांसपेशियों के निर्माण में भी कैल्शियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन अगर आपके शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है तो यह आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम में डाल सकती है। शरीर में कैल्शियम की कमी को मेडिकल भाषा में हायपोकैल्शिमिया कहा जाता है। शरीर में कैल्शियम की कमी तब होती है, जब आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम नहीं मिल पाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो शरीर में कैल्शियम की कमी के चलते स्वास्थ्य पर इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

क्यों होती है कैल्शियम की कमी

कैल्शियम की कमी होने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे पहले कई बार संतुलित भोजन खाने के बदले लोग तला हुआ, मिर्च मसाले या मैदे से बने भोजन का सेवन करते हैं, इससे भी कैल्शियम की कमी हो सकती है। इसके अलावा बढ़ती उम्र में हामीनल चेंज होने से भी कैल्शियम की कमी हो सकती है। दूसरी कई बीमारियां जैसे की थायराइड, गठिया ,किडनी ,डायबिटीज इन सब चीजों से भी कैल्शियम की कमी होती है। इन उपायों को करने के बाद भी आपको थकावट, चक्कर, कमजोरी जैसी दिक्कत होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

ऐसे करें कैल्शियम की कमी को पूरा

कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए आप कई सारे उपाय कर सकते हैं, जैसे की आपको आपकी डाइट में दूध, पनीर ,दही जैसे डेरी उत्पाद शामिल करने होंगे, हरी सब्जियां , दालें और मछली जैसे पदार्थों का भी आप सेवन करें इसके अलावा आप सुबह के समय सूर्य की किरणों के सामने थोड़ी देर तक बैठे, पर्याप्त पानी पिए, सोडियम की मात्रा को कम करें इसके अलावा आप रोजाना व्यायाम, योगा, मेडिटेशन भी कर सकते हैं, इससे कैल्शियम की कमी को पूरा किया जा सकता है।

वित्तीय स्थितियां अस्थिर

रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण–ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल हो गई हैं। आरबीआई की रिपोर्ट से भी इसके संकेत मिले हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट मौजूद वित्तीय अस्थिरताओं के संकेत देती है। इस रिपोर्ट के साथ ही एक अंग्रेजी अखबार में आरटीआई के जरिए हासिल छपे आंकड़ों को देखें, तो यह संकेत ठोस रूप में मौजूद दिखने लगता है। आरबीआई के मुताबिक कुल कर्ज में सितंबर 2024 तक नॉन परफॉर्मिंग ऋण (एनपीए) का अनुपात सिर्फ 2.6 फीसदी था, लेकिन मार्च 2026 तक इसके तीन प्रतिशत तक पहुंच जाने का अंदेशा है। बहरहाल, रिजर्व बैंक के एनपीए में माफ कर्जों को शामिल नहीं किया जाता है। गुजरे वर्षों में कॉरपोरेट्स के लिए ऋण माफी में भारी बढ़ोतरी हुई है।

महिलाएं अधिक अनुशासित, केंद्रित और मेहनती होती हैं

विजय गर्ग

आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि ने प्रतिभा की मांग बढ़ा दी है। आज, जब नियोक्ता अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक कुशल कार्यबल की तलाश कर रहे होते हैं तो वे लैंगिक अज्ञेयवादी होते हैं और पारंपरिक रूप से पुरुष–केंद्रित नौकरी भूमिकाओं के लिए भी महिलाओं के लिए खुले होते हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, महिला श्रम बल भागीदारी दर पांच साल पहले के 23% के मुकाबले 37% है और 25% प्रशिक्षु महिलाएं हैं।

विभिन्न सरकारी पहल और नीतियां महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देती हैं। खुदरा, बैंकिंग, स्वास्थ्य देखभाल, आतिथ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अधिकतम महिला कार्यबल है, लेकिन सबसे हालिया प्रवृत्ति मशीन संचालन में विनिर्माण क्षेत्र में महिला कार्यबल की वृद्धि है जो पारंपरिक रूप से पुरुष–प्रधान रही है। पूरे भारत में, कई विनिर्माण संयंत्र महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं और यह चलन बढ़ रहा है। सामाजिक वर्जनाएँ टूट रही हैं क्योंकि परिवार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हाल की एआईएसएचई की रिपोर्ट के अनुसार, महिला जीईआर 28% है जो साल दर साल नाममात्र 3% बढ़ी है। आज, 2 करोड़ से कुछ अधिक महिलाएँ उच्च शिक्षा में नामांकित हैं। कांच की छत को तोड़ना महिलाएं कार्यस्थल पर सिर्फ कौशल के अलावा और भी बहुत कुछ लेकर आती हैं। अधिक अनुशासित, केंद्रित और बिना बकवास के रवैये के साथ मेहनती होने से कार्य संस्कृति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उत्पादकता भी बढ़ती है। एक महिला अक्सर कार्यस्थल पर तकनीकी कौशल, ज्ञान और व्यक्तिगत गुणों का मिश्रण लाती है। प्रतिभा पूल विकसित करने के लिए, कई स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग पहलों के बीच, उद्योग एक प्रतिभाशाली कार्यबल बनाने के लिए शिक्षा जगत के साथ भी सहयोग कर रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 डिग्री अप्रेंटिसशिप जैसे कार्य–आधारित शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए ऐसे सहयोग को प्रोत्साहित करती है।

कक्षा में सीखने की परंपरा को तोड़ते हुए, डिग्री प्रशिक्षुता सिद्धांत और नौकरी पर सीखने का मिश्रण है जिसे उद्योग विशेषज्ञों और सक्षम संकाय द्वारा वास्तविक कार्य वातावरण में उद्योग की स्थापना पर संयुक्त रूप से निष्पादित किया जाता है। अनुभवात्मक शिक्षा मौलिक है; यह संज्ञानात्मक कौशल और तकनीकी ज्ञान दोनों का निर्माण करता है। कार्यक्रम राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) का पालन करते हैं। सबसे बड़ी बात कार्यक्रम का वित्तपोषण है, जो उद्योग द्वारा किया जाता है और छात्र प्रशिक्षु अच्छा वजीफा कमाते हैं। यह सिर्फ एक प्रशिक्षुता या डिग्री कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक समग्र कैरियर विकास कार्यक्रम है जो संगठनों को जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तलाशने में मदद करता है। संगठन अपने लिंग विविधता एजेंडे को पूरा करने के लिए डिग्री प्रशिक्षुता का उपयोग कर रहे हैं। प्रतिभा पाइपलाइन बनाने के लिए तकनीकी और गैर–तकनीकी दोनों पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

महिला आईटीआई उम्मीदवारों की कमी कुशल महिलाओं के लिए विनिर्माण इकाइयों में डिग्री प्रशिक्षुता को एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। साथ ही, नियमित कॉलेज डिग्री के बजाय, रिटेल, आईटी/आईटीईएस और वित्तीय सेवाओं जैसे सेवा उद्योगों में नौकरी के लिए तैयार होने के लिए डिग्री अप्रेंटिसशिप एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आर्थिक विकास के लिए आवश्यक ग्रामीण महिलाओं को एकजुट करने और उन्हें कौशल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए संगठन डिग्री प्रशिक्षुता का भी भरपूर उपयोग कर रहे हैं। कुछ लोग इन कार्यक्रमों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत चलाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि डिग्री अप्रेंटिसशिप के तहत वेतन समानता भी है जो युवा महिलाओं के लिए करियर बनाने को अनुकूल बनाती है। व्यावसायीकरण करनाउच्च शिक्षा में, यूजीसी ने बी वोक की शुरुआत की थी, हालांकि, नामकरण उन्हें कम आकांक्षापूर्ण बनाता है, और पिछली तीन एआईएसएचई रिपोर्टों के अनुसार, नामांकन में गिरावट आई है।

औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ बीएससी और बीबीए जैसे डिग्री प्रशिक्षुता पाठ्यक्रम युवाओं और समाज के लिए अधिक स्वीकार्य हो गए हैं। आर्थिक उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है। जैसे–जैसे हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहे हैं और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं, श्रम बल में महिलाओं की उच्च भागीदारी अनिवार्य है, और एक समावेशी कार्यबल बनाने में डिग्री प्रशिक्षुता प्रमुख चालक है।

दमखम दिखाएगी काजोल सोलंकी

काजोल सोलंकी एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और मॉडल है। हाल ही में इन्हें वड़ोदरा में निधि फाउंडेशन की ओर से ब्यूटी सेलिब्रिटी आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इन्हें मशहूर टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली के हाथों मिला। अहमदाबाद में सम्पन्न हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी काजोल सम्मानित हुई हैं। यह अवार्ड इन्हें महाभारत में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले एक्टर सुरेंद्र पाल के हाथों प्राप्त हुआ। काजोल बेहद मेहनती और प्रतिभावान है। उन्होंने बताया कि वह एक के बाद एक ऐसे विशेष अवार्ड मिलने से बेहद प्रसन्न और उत्साहित है। काजोल सोलंकी ब्यूटी पार्लर और मेकअप का काम बेहद पसंद है। अप एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दम कम दिखाएंगे काजल सोलंकी ने दम पर इन्होंने अपने हुनर को संवारा और आज वह कई मॉडल्स का मेकअप और हेयर स्टाइल का काम करती है। यह काम करते हुए वह इतनी पारंगत हो गई कि उन्होंने खुद मॉडलिंग शुरू कर दिया। हॉल ही में वियतनाम में इन्होंने रैम्प वॉक किया, साथ ही कई शो में वह रैम्प वॉक कर चुकी हैं। अब वह अभिनय में भी आ रही हैं, जनवरी माह में उनकी म्यूजिक वीडियो लॉन्च होने वाली है। काजोल सोलंकी अहमदाबाद की रहने वाली है। इन्हें इनके परिवार का प्यार और सपोर्ट दोनों मिला है। जिन्हें ट्रेवलिंग और ट्रेकिंग करना पसंद है। भगवान शिव में इनकी बड़ी आस्था है और यह सारे ज्योतिर्लिंग और शिव जी के स्थानों का दर्शन करना चाहती हैं।

गिल को उप कप्तान नहीं बनाना चाहते थे गंभीर– रिपोर्ट्स

नई दिल्ली । चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम में संजू सैमसन को जगह नहीं दी गई है तो वही, शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोच गौतम गंभीर शुभमन गिल को उपकप्तान बनाने के पक्ष में नही थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि गंभीर चाहते थे कि हार्दिक को उपकप्तानी दी जानी चाहिए लेकिन कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर हार्दिक के पक्ष में नही थे। रोहित और अजीत अगरकर, गिल को उपकप्तान के पद पर देखना चाहते थे। बता दें कि 18 जनवरी को टीम इंडिया का ऐलान किया गया। पहले टीम का ऐलान दोपहर 12:30 तक होना था लेकिन तय समय में टीम का ऐलान नहीं हो पाया। दरअसल, तीन घंटे के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया गया था। रिपोर्ट की मानें तो कोच गंभीर, कप्तान रोहित और चयनकर्ता अजीत अगरकर हार्दिक पंड्या और संजू सैमसन के टीम में चयन करने को लेकर बात कर रहे थे। बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 में हार्दिक भारतीय टीम के उपकप्तान थे। रिपोर्ट में ये भी बात सामने आई है कि गंभीर, विकेटकीपर–बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को टीम में शामिल करना चाहते थे लेकिन रोहित और अगरकर, पंत के पक्ष में थे।

मलिंगा नहीं बुमराह है सबसे खतरनाक यार्कर गेंदबाज -अकरम

नई दिल्ली । विश्व क्रिकेट में लसिथ मलिंगा को यॉर्कर किंग माना जाता है। मलिंगा ने जब अपने करियर की शुरुआत की थी तो इस श्रीलंकाई तेज गेंदबाज ने अपनी अलग तरह के एक्शन और तूफानी यॉर्कर से विश्व क्रिकेट के सभी बल्लेबाजों के अंदर हड़कंप मचा कर रख दिया था। मलिंगा अपनी खतरनाक यॉर्कर के दम पर दुनिया में यॉर्कर किंग के रूप में जाने गए, लेकिन पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने यॉर्कर किंग के रूप में मलिंगा का चुनाव नहीं किया है। एक टीवी चैनल के साथ इंटरव्यू के दौरान वसीम से जब उनसे पूछा गया कि आप किस गेंदबाज को सबसे खतरनाक यॉर्कर स्पेशलिस्ट मानते हैं तो पूर्व पाक गेंदबाज ने मलिंगा का नहीं बल्कि भारत के जसप्रीत बुमराह

का नाम लिया है। यानी वसीम के अनुसार विश्व क्रिकेट में जिस गेंदबाज की यॉर्कर सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, वह गेंदबाज मलिंगा नहीं बल्कि जसप्रीत बुमराह हैं।

खतरनाक यॉर्कर के अलावा वसीम ने सबसे परफेक्ट रिवर्स स्विंग गेंदबाज के तौर पर वकार युनुस का नाम लिया है। वसीम ने वकार के दुनिया का सबसे खतरनाक रिवर्स स्विंग गेंद फेंकने वाले गेंदबाज के तौर पर चुना है। वकार पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक रहे हैं। वसीम और वकार ने अपने समय में एक साथ गेंदबाजी करते दुनिया के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया था। वकार ने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट में 789 विकेट झटके हैं तो वहीं वसीम ने अपने इंटरनेशनल करियर में 916 विकेट लेने में सफल रहे हैं। वसीम पाकिस्तान के इकलौते ऐसे गेंदबाज हैं जिनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 900 से ज्यादा विकेट दर्ज है। बुमराह की बात करें तो टेस्ट में 205 विकेट, वनडे में 149 विकेट, और टी20 इंटरनेशनल में 89 विकेट लेने में सफल हो गए हैं।

बॉसी लुक में अनन्या पांडे ने बरपाया कहर, एक्ट्रेस की किलर अदाओं पर मर–मिटे फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका बॉसी लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

पारुल गुलाटी कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी?

एक्ट्रेस पारुल गुलाटी ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस पोस्ट ने फैंस को उनकी अगली फिल्म को लेकर कयास लगाने पर मजबूर कर दिया है। पारुल ने कुछ मज़ेदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक स्क्रिप्ट पकड़े नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन दिया, जल्द आ रही हूं, आप सभी को हंसाने के लिए! इस खुलासे ने उनके फॉलोअर्स के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, और अब सभी अंदाज़ा लगा रहे हैं कि पारुल अपनी पहली कॉमेडी फिल्म में नज़र आने वाली हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से जुड़ी ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन चर्चाएं हैं कि फैंस उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में देखेंगे, जो हंसी से भरपूर अनुभव देगा।

गावस्कर ने इस देश को बताया चैंपियंस ट्राफी का दावेदार

नई दिल्ली । चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फ़रवरी से होने वाला है। फैन्स टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को लेकर भी भविष्यवाणी शुरू हो गई है। ऐसे में अब भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को लेकर भविष्यवाणी की है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए दावेदार टीम पर अपनी राय दी है। पूर्व भारतीय कप्तान ने भारत को नहीं बल्कि पाकिस्तान को खिताब जीतने का दावेदार माना है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "घरेलू टीम पाकिस्तान को पसंदीदा माना जाना चाहिए क्योंकि किसी टीम को उसकी परिस्थितियों में हराना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, ऐसे में पाकिस्तान के पास खिताब

बचाने का अच्छा मौका है।' हालांकि गावस्कर ने भारत को भी एक मजबूत दावेदार माना है। भारत के हालिया प्रदर्शन पर नजर डालते हुए, गावस्कर ने जोर देकर कहा कि "वनडे विश्व कप 2023 के फ़ाइनल में हारने के बावजूद, भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और फ़ाइनल तक पहुंचने से पहले लगातार दस मैच जीते थे," पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, "भारत एक मजबूत टीम है लेकिन फिर पाकिस्तान जो एक मेज़बान टीम है उसको फायदा मिल सकता है। मैं समझता हूं कि भारत भी खिताब जीतने की दावेदार है लेकिन पाकिस्तान मेजबान देश है और उसको इस बात का फायदा मिल सकता है। यही कारण है कि पाकिस्तान खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है।

" बता दें कि 2024 चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हैं जिन्हें दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड शामिल हैं, दूसरी ओर ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान शामिल हैं। भारत का अभियान 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा, भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाली है।

एक नजर

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की। जनपद पुलिस स्तर से अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। थाना अगस्त्यमुनि क्षेत्र के चौकी बसुकेदार पुलिस ने अंकित सिंह, निवासी ग्राम पाटियूं, बड़ेथ, थाना अगस्त्यमुनि को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

हरबर्टपुर में पूर्व मंत्री नवप्रभात ने भाजपा पर बोला हमला

विकासनगर। नगर पालिका हरबर्टपुर में रविवार को कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पूर्व मंत्री नवप्रभात ने प्रचार किया। एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि राजनैतिक तौर पर बीते आठ साल से हरबर्टपुर और विकासनगर में कोई भी अवस्थापना विकास संबंधी कार्य नहीं हुए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में हरबर्टपुर और विकासनगर में कई विकास कार्य कराए। नवप्रभात ने कहा कि सरकार में रहते हुए उन्होंने विकासनगर में तहसील और न्यायालय की स्थापना कराई। इससे लोगों को रोजगार मिला। खर्चा भी बचा। जिन कामों के लिए देहरादून जाना पड़ता था वो विकासनगर में ही होने लगे। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन काल में हरबर्टपुर के जिस अस्पताल के लिए जिला चिकित्सालय की पत्रावली स्वीकृत हुई थी, उसे अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना दिया गया है। पूर्व मंत्री ने तंज कसा कि भाजपा सरकार में जिला चिकित्सालय को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में विकासनगर और हरबर्टपुर की सीवरेज योजना के लिए जेएनयूआरएम का प्रोजेक्ट हैदराबाद भेजा गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालने के साथ ही सीवरेज योजना से नगर को वंचित कर दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि इनदिनों शहर में नई पेयजल लाइन तो बिछाई जा रही है, लेकिन लाइनों में पानी मुहैया कराने के लिए एक भी नया ट्यूबवेल नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों शहरों में कांग्रेस का बोर्ड बनने से विकास को गति मिलेगी। उन्होंने हरबर्टपुर से अध्यक्ष पद प्रत्याशी यामिनी रोहिला के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर नीरज रोहिला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष पुंडीर मोहित बिष्ट, जितेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

विकासनगर में बीते आठ साल में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए : चौहान

विकासनगर। नगर पालिका विकासनगर में भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अध्यक्ष पद और सभासद प्रत्याशियों के समर्थन में मुख्य बाजार में व्यापारियों से संपर्क किया। जनसंपर्क अभियान में विधायक मुन्ना चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान समेत सभी वरिष्ठ नेता शामिल रहे। विधायक चौहान ने व्यापारियों से संवाद करते हुए बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में बीते आठ साल में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। नगर पालिका गठन के बाद से जनता सीवर लाइन बिछाए जाने की मांग कर रही थी, जो अब पूरी हो चुकी है। सीवर लाइन के साथ ही नई पेयजल लाइन बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शहर का कॉस्मेटिक विकास किया। सड़कों पर लीपापोती कर उन्हें बाहर से चमकाया गया, लेकिन भाजपा ने शहर के अंदरूनी मर्ज को दूर करने का काम किया है। शहर में चल रही सभी विकास योजनाएं आगामी 30 साल की जरूरतों को देखते हुए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि शहर में भाजपा का बोर्ड गठन होने के बाद विकास की गति तेज होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि किसी भी तरह की समस्याओं को लेकर महिलाएं अधिक संवेदनशील होती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर महिला प्रत्याशी की जीत होने से शहर की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। उन्होंने कहा कि विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष मिलकर विकासनगर को आदर्श नगर पालिका बनाएंगे। दूसरी ओर हरबर्टपुर में भाजपा प्रत्याशी नीरू देवी ने रविवार को घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि उनका राजनैतिक अनुभव शहर के विकास के काम आएगा। उन्होंने मतदाताओं के सामने पूर्व में ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य रहते हुए किए गए कार्यों को भी गिनाया।

निकाय चुनाव: संगीत की धुन पर बह रही चुनावी बयार

●चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए बज रहे गढ़वाली गीत ●वाहनों में लाउडस्पीकर लगाकर किया जा रहा प्रचार-प्रसार

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में लोकधुनों पर पार्टी प्रत्याशी के प्रचार में लगा ई-रिक्शा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः निकाय चुनाव में मतदान के चार दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में शहर में चुनावी शोर तेज हो गया है। मतदाताओं के दिलो-दिमाग तक अपना नाम व चुनाव चिह्न पहुंचाने के लिए प्रत्याशी लोकगीतों के माध्यम से अपने प्रचार को धार दे रहे हैं। विभिन्न वार्डों में चुनाव के प्रचार में लगे आटो व ई-रिक्शा में संगीत बज रहे हैं। यह संगीत मतदाताओं के दिल को कितना लुभाते है यह 25 जनवरी की तिथि ही निर्धारित करेगी। कोटद्वार नगर निगम के लिए 23 जनवरी को मतदान होना है। महापौर पर पर किस्मत आजमा रहे भाजपा-कांग्रेस साहित अन्य छह प्रत्याशियों ने अपने प्रचार-प्रसार का ग्राफ बढ़ा दिया है। दिन रात जनता के बीच जा रहे प्रत्याशी अपने काम व वादे गिनवा रहे हैं। यही नहीं, अधिकांश वार्डों में वाहनों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शहर में घूम रहे वाहनों में लगे लाउडस्पीकर प्रत्याशियों के वादों को गिनवा रहे हैं। वहीं, प्रचार के मामले में वार्ड प्रत्याशी भी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। विकास के दावों के साथ ही वाहन व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार को धार दिया जा रहा है। प्रत्याशियों के समर्थक शार्ट वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित कर मतदाताओं को रिझा रहे हैं। बहरहाल, हर कोई प्रत्याशी अपनी जीत का दंभ भर रहा है।

सोशल मीडिया में भी सक्रिया

चुनाव में प्रत्याशी हर प्रकार से जनता के बीच पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। प्रत्याशी धरातल पर जितना दौड़ रहे हैं। उनका ही उनका ध्यान सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार प्रसार पर भी चल रहा है। जहां भी जनसभाएं हो रही हैं। उन्हें लाइव दिखाया जा रहा है। छोटी-छोटी रील बनाकर चुनावी-प्रचार प्रसार को धार दी जा रही है।

बोलती ही नहीं करती भी है भाजपा: शैलेंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार में वार्डों का भ्रमण कर वोट मांगते भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र सिंह रावत

कोटद्वारः भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल बोलती ही नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। भाजपा ने चुनाव के दौरान जितने भी वादें किए उन्हें पूरा किया है। कहा कि यदि कोटद्वार का विकास करना है तो भाजपा का जीतना जरूरी है।

भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र रावत ने भाबर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वोट मांगें। उन्होंने कहा कि पांच साल नगर निगम की सत्ता में बैठने के बाद भी कांग्रेस ने कोई कार्य नहीं किया। ऐसे में अब जनता को विकास की उम्मीद केवल भारतीय जनता पार्टी से ही है। भाजपा आमजन की पार्टी है। इसलिए वह आमजन के दर्द को बखूबी जानती है। कहा कि चुनावी जीतने के बाद भी वह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। हर वार्ड में अधिकारियों को लेकर पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही उनका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से 23 जनवरी के दिन मतदान अवश्य करने की भी अपील की। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अवश्य अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, मीडिया प्रभारी विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने 13 व 15 साल पुराने चौपहिया वाहनों की अलग-अगल सूची उपलब्ध कराने, मोटर मार्गों पर लगे क्रेश बैरियर की सवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्पॉट के अनुसार उपयोगिता रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणदायी संस्थाओं द्वारा संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थलों में क्रैश बैरियर न लगाकर सुगम व अन्य स्थलों पर लगाई जाने की शिकायतें मिल रही हैं। डीएम ने सभी एसडीएम को सभी मोटर मागी का राजस्व उपनिरिक्षकों के माध्यम से सर्वे करवाकर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कहा कि वर्ष 2023 में जिले में कुल 64 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। जबकि 2024 में कुल 44 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने परिवहन विभाग द्वारा पवर्तन की धीमी कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए ड्रंक एंड ड्राइव में सख्ती से पवर्तन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, आरटीओ द्वारिका प्रसाद, एसीएमओ डॉ. पारूल गोयल, सीओ पुलिस अनुज कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश बिजल्वाण, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रीना बिष्ट, सफाई निरीक्षक हेमंत कुमार आदि शामिल थे।

वनाग्नि रोकने पर मदद करेगी समिति

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः वन सुरक्षा के लिए श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने आगे बढ़कर कार्य करने का संकल्प लिया है। कहा कि वनों को आग से बचाने में समिति पूरा सहयोग करेगी। समिति के अध्यक्ष आरपी पंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वनों में लगने वाली आग की रोकथाम करने के लिए पूरा सहयोग करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि 14 फरवरी को प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत श्री भैरव मंदिर परिसर में विगत वर्षों में रोपे गए पौधों की निराई गुड़ाई की जाएगी। वनाग्नि की रोकथाम के लिए जन सहभागिता की उपयोगिता पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कहा कि विगत वर्ष नगर निगम सहित विभिन्न विभागों से गूलर के पेड़ के निकट खाली प्लाट में रोपे गए पौधों की निराई-गुड़ाई की जाएगी, जिसके लिए नगर निगम प्रशासन से वार्ता की जाएगी। इस मौके पर सतीश चंद्र शर्मा, दिनेश घिल्डियाल, प्रमोद डोबरियाल, उमानंद बडोला, बहादुर सिंह, धीरज सिंह नेगी, जगदीश चंद्र जोशी मौजूद रहे।

बहरीन का पांच सितारा रिजार्ट में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

सुमित गौड़ जिसका बहरीन के पांच सितारा रिजार्ट में चयन हुआ है।

कोटद्वारः इंस्टीट्यूट आफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कालेज कोटद्वार के छात्र सुमित का अरब देश के बहरीन में स्थापित पांच सितारा रिजार्ट में चयन हुआ है। दुगड्डा ब्लॉक के महरगांव निवासी होनहार छात्र सुमित के पिता सतीश चंद्र गौड़ गांव में खेती करते हैं माता यशोदा गौड़ गृहणी है। सुमित ने दुगड्डा अपनी बुआ के साथ रहते हुए गितांजलि पब्लिक स्कूल से प्राथमिक शिक्षा और राजकीय इंटर कालेज दुगड्डा से 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की। सुमित गौड़ ने जनवरी 2024 में कोटद्वार के आईएचएमएस कालेज में संचालित एक वर्षीय होटल मैनेजमेंट के कोर्स सीएचएम में एडमिशन लिया। इस दौरान उसने अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत किचन विभाग में महारत हासिल की। कालेज की ओर से उपलब्ध कराई गई पांच सितारा होटल में छह माह के प्रशिक्षण के बाद अब छात्र सुमित गौड़ का चयन खाड़ी देश के बहरीन में स्थापित 'लगोना बिच लक्जरी रिजार्ट एंड स्पा' पांच सितारा रिजार्ट के किचन विभाग में चयन हुआ है। कालेज के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजय राज नेगी ने बताया कि कालेज प्रबंधन की ओर से छात्रों की बेहतरीन शिक्षा के लिए अत्याधुनिक संसाधन जुटाए गए हैं। छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कालेज प्रबंधन की ओर से लगातार प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने खाड़ी देश के बहरीन के लिए चयनित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए छात्र सुमित के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

आप के प्रदेश अध्यक्ष ने हरिद्वार में किया चुनाव प्रचार

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने हरिद्वार में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने मेयर प्रत्याशी शिप्रा सैनी और जिला अध्यक्ष के साथ वार्ड नंबर 39 लोढामंडी में डोर टू डोर प्रचार किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही है जो जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने दिल्ली में बीजेपी द्वारा आम आदमी पार्टी की नीतियों को अपनाने का उदाहरण दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीजेपी अन्य प्रदेश के मतदाताओं को सम्मान न देकर उनका अपमान कर रही है। मेयर प्रत्याशी शिप्रा सैनी और जिलाध्यक्ष संजय सैनी ने वार्ड नंबर 18 और 19 में भी डोर टू डोर प्रचार किया। इस दौरान जनता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को समर्थन दिया और उनका स्वागत किया।

बगैर कारण मुझे पार्टी से किया गया निष्कासित: विजय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते विजय रावत

कोटद्वारः कांग्रेस से निष्कासित युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय रावत ने उन्हें बगैर कारण पार्टी से निष्कासित करने का आरोप लगाया है। कहा कि उन्हें 19 वर्ष तक कांग्रेस की सेवा की है। यदि 22 जनवरी तक उनके निष्कासन को वापस नहीं लिया गया तो उनके समर्थक भी कांग्रेस से त्यागपत्र दे देंगे।

पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का कारण बताते हुए पार्टी ने एक दिन पूर्व ही विजय रावत को निष्कासित किया था। इसके बाद उन्होंने रविवार को पत्रकार वर्ता करते हुए इसे गलत बताया। कहा कि निष्कासन से पूर्व उनके पक्ष को नहीं सुना गया। बिना नोटिस दिए किसी कार्यकर्ता को पार्टी से बाहर करना गलत है। साथ ही इससे पार्टी को भी नुकसान होगा। कहा कि कुछ लोग राजनीति की आड़ मे पार्टी को खत्म करने में तुले हैं, उन्हीं लोगों को पार्टी प्रत्याशी बनाया जा रहा है। कहा कि इन्हीं लोगों के कारण पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की हार हुई थी। कहा ऐसे ही लोग आज पार्टी के वफादार बने हुए है। कहा कि उनके दिल में अभी भी कांग्रेस वास करती है व जब तक जीवन रहेगा वे पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। कहा कि टिकट न मिलने से आहत जरूर हुआ हूं। लेकिन, पार्टी के प्रति मैंने कभी भी कोई अनर्गल बयानबाजी नहीं की है। प्रदेश अध्यक्ष को गुमराह करने का प्रयास किया गया। प्रदेश अध्यक्ष को एकबार उनका पक्ष भी जान लेना चाहिए था। इस तरह की कार्रवाई से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का मनोबल गिरता है।

पोखड़ा का होगा पुनर्परिसीमन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः जिले के पोखड़ा ब्लॉक का पुनर्परिसीमन किया जा रहा है। परिसीमन के तहत विकासखंड व क्षेत्र पंचायत बीरोंखाल से ग्राम पंचायत सुंदरखाल व देवकांडई को पोखड़ा ब्लॉक में शामिल किया जाना है। जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए अनंतिम प्रकाशन का कार्य 20 जनवरी से शुरू किया जाएगा। पुनर्परिसीमन के बाद बीरोंखाल में ग्राम पंचायतों की संख्या घटकर अब 95 रह जाएगी। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि शासन से बीरोंखाल ब्लॉक के उक्त ग्राम पंचायतों को पोखड़ा ब्लॉक में शामिल किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बताया कि पुनर्परिसीमन को लेकर 20 जनवरी से अनंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जबकि प्रस्तावों पर आपत्तियां 21 व 22 जनवरी को आमंत्रित की जाएंगी। 24 जनवरी को आपत्तियों का निस्तारण व 25 जनवरी को अंतिम प्रकाशन होगा। डीपीआरओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीरोंखाल ब्लॉक के सुंदरखाल व देवकांडई के ग्रामीणों द्वारा उन्हें पोखड़ा ब्लॉक में शामिल किए जाने की मांग उठाई गई थी। इसके लिए विभागीय सर्वे भी किया गया था। बताया कि अब बीरोंखाल में दो ग्राम पंचायतें कम होने के बाद ब्लॉक में कुल 95 ग्राम पंचायतें रह जाएंगी। जबकि पोखड़ा में दो बढ़ जाने के बाद कुल 60 ग्राम पंचायतें होंगी।

पुलिस ने चलाया सत्यान अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रिखणीखाल पुलिस की ओर से सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से भी अपने किराएदारों का सत्यापन अवश्य करवाने को कहा। साथ ही सत्यापन नही करवाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

रिखणीखाल थाने के प्रभारी संतोष पैथवाल के नेतृत्व में टीम ने सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने दुकान स्वामियों व भवन स्वामियों को सत्यापन के प्रति जागरूक किया। कहा कि पहाड़ में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी पुलिस के साथ ही आमजन की भी है। शहर में संदिग्ध अवस्था में घूमने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि पुलिस जगह-जगह तलाशी अभियान चलाकर भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करती रहती है। पूर्व में सत्यापन नही होने पर कई भवन स्वामियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। कहा कि सत्यापन करवाना स्वयं को भी सुरक्षित करना है। इस दौरान बाजार में दुकान किराए पर लेने वालों से भी पूछताछ की गई। साथ ही बाहरी राज्यों से क्षेत्र में व्यापार करने वालों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों की भी जांच की गई।

चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने किया मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः निकाय चुनाव में तैनात 242 कार्मिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। जिले के सात निकाय क्षेत्रों में आरओ ने 313 पोस्टल बैलेट जारी किए थे। जिनमें 242 कार्मिकों ने मतदान किया है। नगर निगम कोटद्वार में सबसे ज्यादा वोट पड़े हैं। जबकि नगर पंचायत स्वर्गाश्रम-जौक में किसी ने मतदान नही किया। पौड़ी में मतदान कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मताधिकार का उपयोग भी किया। मतपत्र नोडल अधिकारी व पीडी डॉ. विवेक उपाध्याय ने बताया कि निकाय चुनाव में तैनात कार्मिकों में 313 ने पोस्टल बैलेट के लिए आवेदन किया था। जिन्हें संबंधित क्षेत्र के आरओ ने पोस्टल बैलेट जारी किया। उन्होंने बताया कि 242 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान कर लिया है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि नगर निगम कोटद्वार में सबसे ज्यादा 121 मत पड़े हैं। इसके बाद नगर निगम श्रीनगर में 66, नगर पालिका पौड़ी में 48, नगर पालिका दुगड्डा में 2, नगर पंचायत थलीसैंण में 4, नगर पंचायत सतपुली में 1 कार्मिक ने वोट किया है। जबकि नगर पंचायत स्वर्गाश्रम-जौक में किसी कार्मिक ने मतदान नही किया है।

टिहरी में 76.84 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

नई टिहरी। टिहरी में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले में आयोजित परीक्षा में 76.84 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न होने के बाद गोपनीय परीक्षा सामग्री को कोषागार कार्यालय नई टिहरी में जमा करा दिया गया।

टिहरी जिले में सुबह 11 से अपराहन 1 बजे तक आयोजित कनिष्ठ सहायक संवर्ग की परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्र बीवीएस पब्लिक स्कूल ग्राम चौकल्याचक, राबाइंका बौराड़ी, राबाइंका चंबा, राइंका मोलधार नई टिहरी, राप्रइंका बौराड़ी नई टिहरी, एचएनबी गढ़वाल विवि परिसर बादशाहीथौल, एनटीआईएस पैन्यूला तल्ला, सेंट एंथनी पब्लिक स्कूल ढुंगीधार, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज नई टिहरी, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज उनियालसारी चम्बा में आयोजित उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। डीएम मयूर दीक्षित ने एनटीआईएस पैन्यूला तल्ला पहुंचकर परीक्षा को लेकर निरीक्षण किया। परीक्षा में कुल 2651 अभ्यर्थियों में से 2037 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।

गैरसैंण में नगर पंचायत अध्यक्ष को लेकर घमासान

चमोली। आगामी 23 जनवरी को होने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष गैरसैंण का चुनाव प्रचार का अंतिम समय आते आते त्रिकोणीय मुकाबले में सिमटता जा रहा है।

यहां नपंअ पद के लिए भाजपा की ममता नेगी, कांग्रेस के मोहन भंडारी, निर्वतमान नपंअ पुष्कर सिंह रावत, यूकेडी पवन नेगी एवं निर्दलीय मनोज कुमार चुनाव मैदान में हैं। अलबत्ता अब चुनाव के अंतिम चरण में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस एवं कांग्रेस बागी निर्वतमान नपंअ के बीच आ कर सिमट गया है। वही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल यहां अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

शिक्षकों ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रफुल्लित मात्र और समृद्ध उत्तराखंड कार्यक्रम के तहत आयोजित दो-दिवसीय नशा उन्मूलन कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। कोटद्वार में नगर निगम के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला के द्वितीय दिवस में मनोविज्ञानी पवन शर्मा ने नशे के कारणों व उसे खत्म करने के संबंध में अपनी बात रखी। एससीईआरटी प्रवक्ता प्रिया गुसाई व राजकीय चिकित्सालय की चिकित्सक डा.चारू रावत ने नशे की प्रवृत्ति से छुटकारा पाने के उपाय बताए। कार्यक्रम में एससीईआरटी के अपर निदेशक प्रदीप रावत ने शिक्षकों का आह्वान किया कि शिक्षक छात्र-छात्राओं को नशे की प्रवृति से रोकने का प्रयास कर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इस मौके पर दूरदराज के क्षेत्रों से आए शिक्षकों ने नशे के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा ली ताकि 2025 तक उत्तराखंड की नशामुक्त उत्तम प्रदेश के रूप में अखिल भारतीय स्तर उच्च पायदान पर स्थापित किया जा सके। व्याख्यान माला में पूर्व संयुक्त निदेशक नरवीर सिंह बिष्ट, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदर्शन बिष्ट, प्रधानाचार्य रवींद्र रावत, प्रधानाचार्य ब्रिजेंद्र नेगी, पीसी कोठारी, सत्यप्रकाश थपलियाल, खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे। संचालन प्रवक्ता सोहन सिंह नेगी ने किया।

कोटद्वार के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती विषय विशेषज्ञ

जनता की मूलभूत सुविधाओं का रखा जाएगा ध्यान: रंजना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कांग्रेस प्रत्याशी रंजना रावत ने कहा कि यदि वह महापौर बनती है तो वह जनता की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखेंगी। निगम के माध्यम से युवाओं व महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं भी चलाई जाएंगी। रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी रंजना रावत ने क्षेत्र का भ्रमण कर जनता से वोट मांगें। उन्होंने कहा कि जनता को सरकार की नाकामियां भी गिनवाई। कहा कि नगर निगम बनने के दौरान सरकार ने वादा किया था कि जनता से दस वर्षों तक टैक्स नही वसूला जाएगा। लेकिन, आज नगर निगम घर-घर घूमकर फीते लगाते हुए भवनों की नपाई कर रहा है। कहा कि वह जनता से जबरन वसूले जाने वाले इस टैक्स को रोकने का काम करेंगी। नगर निगम के माध्यम से महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चलाएगी जाएंगी। हर कार्य को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कूड़ा निस्तारण, सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलवाने व मार्गों की स्थिति को बेहतर बनाना अपनी प्रथम प्राथमिकता बताई।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में वार्डों का भ्रमण कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करती कांग्रेस प्रत्याशी रंजना रावत

वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर जागरूक किया

रुद्रप्रयाग। यातायात पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। साथ ही जनता से अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की अपील भी की। मौसम में घने कोहरे एवं धुंध के प्रकोप से विजिविलिटी कम होने से सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को वाहनों की दूरी का सही अंदाजा लगाना काफी कठिन हो जाता है, साथ ही रात में वाहनों की अधिक स्पीड होने से छोटा वाहन या पशु दिखाई नहीं देते जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती हैं। रिफ्लेक्टर लगाने से वाहन दूर से ही नजर आ जाता है। यातायात पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग सके।

जरूरतमंद 13 बच्चों को स्पांसरशिप से जोड़ा जाएगा

चमोली। चमोली जनपद में जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत स्पांसरशिप योजना से जोड़कर लाभांन्वित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को 13 अन्य बच्चों को स्पांसरशिप योजना से जोड़ने की स्वीकृति दे दी है। वर्तमान में जनपद के अनाथ, देखरेख एवं संरक्षण वाले 92 बच्चों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना से इन बच्चों को प्रत्येक माह 4-4 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी धनंजय लिंगवाल ने शनिवार को बताया कि जिलाधिकारी ने बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन को स्पांसरशिप योजना का लाभ जरूरतमंद बच्चों को पहुंचाने के निर्देश दिए थे। जनवरी माह में समिति ने 13 जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित किया गया।

जिलाधिकारी ने इन सभी जरूरतमंद बच्चों को स्पांसरशिप योजना से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों के पालन पोषण एवं शिक्षा हेतु मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 4000/ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

एक नजर

भाकपा माले ने ललित जोशी को दिया समर्थन

हल्द्वानी। भाकपा (माले) के नेताओं ने रविवार को बैठक कर मेयर पद पर कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी को समर्थन दिया। जिला सचिव डॉ। कैलाश पाण्डेय ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के बीच धार्मिक विभाजन, घृणा और वैमनस्य की राजनीति को शिकस्त दिया जाना जरूरी है। भाजपा राज में राज्य में जिस तरह बिना किसी मुआवजे और विस्थापन के गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चलाया जा रहा है और मुख्यमंत्री लैंड जेहाद, थूक जेहाद जैसी संविधान विरोधी सांप्रदायिक भाषा बोल रहे हैं ऐसे में नगर निकाय चुनावों में भाजपा की हार उसके सांप्रदायिक एजेंडे पर करारी चोट साबित होगी। बैठक माले के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन राजा बहुगुणा, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, यतीश पंत, प्रकाश फुलोरिया, महेश टम्टा, चंद्रशेखर भट्ट, एनडी जोशी आदि शामिल रहे।

नजूल भूमि की समस्या का समाधान कराऊंगा

हल्द्वानी। कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी ललित जोशी ने रविवार को शहर में कई स्थानों पर जन संपर्क किया। वार्ड नंबर 5 पॉलीशीट, वार्ड नंबर–57, 58, 59, 60, वार्ड–11 आनंदबाग और वार्ड नंबर–35, 36, 37 दमुवाढूंगा में लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। दमुवाढूंगा में रोड शो में ललित ने क्षेत्र के लोगों को मालिकाना हक दिलाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की नजूल भूमि की समस्या को लेकर अब तक केवल राजनीति होती रही है। वह इस मुद्दे का स्थाई समाधान करेंगे। उन्होंने यह भी वादा किया कि दमुवाढूंगा में महिलाओं के लिए शौचालय और ठेला–फेरी वालों के लिए वेंडर जोन बनाए जाएंगे। जनता को आश्वस्त किया कि हर निर्धन को उसका अधिकार दिलाने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे। विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, विनोद जोशी, गिरीश चन्द्र पांडे, सूरज गौनिया, मोहन सनवाल, ललित रावत, सविता गुरुरानी, अनिता बिष्ट, तरुण उपाध्याय, सुभाष चंद्र गुप्ता, हरीश चंद्र पांडेय, बीसी छिमवाल, एनके मेहता, सरदार चरनजीत सेठी आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ प्रयागराज को रवाना हुई यात्रा

हल्द्वानी। मंगलम तीर्थ यात्रा संस्था रविवार को 38 यात्रियों के दल के साथ महाकुंभ प्रयागराज को रवाना हुई। जिसमें बुजुर्ग, गरीब व असहाय यात्री शामिल रहे। संस्था अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया कि यह यात्रा वह अपने स्वर्गीय माता–पिता की स्मृति में करा रहे हैं। कुल मिलाकर तीन यात्राएं प्रयागराज महाकुम्भ में जाएंगी। यात्रियों के रहने, भोजन, आने जाने आदि की व्यवस्था संस्था की ओर से की जाएगी। जोशी ने बताया कि जो भी यात्री जाने के इच्छुक हों वह अपना नाम पता आदि कार्यालय में लिखवा सकते हैं। यात्रा में केवल बुजुर्ग, गरीब, असहाय लोग ही शामिल रहेंगे।

शसक्त भारत के लिए शसक्त एलआईसी अभियान की हुई शुरूआत

हल्द्वानी। जीवन बीमा व्यवसाय के 70वें राष्ट्रीकरण दिवस पर बीमा कर्मचारी संघ की ओर से सशक्त भारत के लिए सशक्त एलआईसी अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर शहर में रविवार को संघ की ओर से सरस मार्केट स्थित एक निजी संस्थान में प्रेसवार्ता का आयोजन कर अभियान की शुरुआत की गई। संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि भारत की विकास यात्रा एलआईसी के बिना अधूरी है। आरोप लगाया कि सरकार और आईआरडीएआई की ओर से राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। सरकार संसद में बीमा कानून लाने की कोशिश कर रही है। कहा कि सार्वजनिक बीमा उद्योग को कमजोर करने की साजिश है। इस मौके पर एलआईसी की ओर से मिलने वाले लाभों और विधेयक पारित होने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया।

निर्दलीय प्रत्याशी के प्रचार ने जोर पकड़ा

विकासनगर। निकाय चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रचार अभियान ने भी जोर पकड़ लिया है। सेलाकुई में निर्दलीय प्रत्याशी ने मुकाबले को चतुष्कोणीय बना दिया है। रविवार को अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशियों ने जनता के सामने अपनी बात रखी। निर्दलीय प्रत्याशी सुमित चौधरी ने मुख्य बाजार में व्यापारियों से संपर्क किया। उन्होंने कहा शहर में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है।

देहरादून में गोकशी को लेकर हंगामा, एसएसपी ने थानाध्यक्षों को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

देहरादून। पटेलनगर और बसंत विहार क्षेत्र में गोकशी मामले पर एसएसपी अजय सिंह ने सख्ती दिखाई है। एसएसपी अजय सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पटेल नगर और थाना बसंत विहार के थानाध्यक्ष को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

बता दें कि हरबंस वाला निवासी एक महिला ने बसंत विहार थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें महिला का आरोप था चाय बागान में गोकशी की गई है। इस सूचना के आधार पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां मौके से कुछ अवशेष भी बरामद हुए। जिसके बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने हंगामा किया था। जिस पर पुलिस ने मामले को किसी तरह शांत किया और आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। इसके अलावा एसएसपी का साफ कहना है कि किसी भी दशा में पशु तस्कर बख्शे नहीं जाएंगे। वहीं, अब तक गोकशी मामले में उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर समेत 5 पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र में गोकशी के मामले को लेकर हंगामाः पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शिमला बाईपास चौक पर अटल पार्क में भी गोकशी का मामला सामने आया। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई इस दौरान बजरंग दल के पदाधिकारी विकास वर्मा की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। मौके पर चक्का जाम की स्थिति भी आई। ऐसे में एसएसपी अजय सिंह से बातचीत की गई। मामले में एसएसपी ने 24 घंटे के भीतर सख्त से सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर हंगामे को शांत कराया। वहीं, गोकशी में शामिल आरोपियों के खिलाफ दून पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है।

सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन का करें काम

नई टिहरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को सामूहिक खिचड़ी कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर खिचड़ी का स्वाद लिया। कहा कि सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर बौराड़ी में आयोजित खिचड़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर संचालक सतीश थपलियाल इसके महत्व की जानकारी दी। कहा कि मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मौके पर सह विभाग कार्यवाह संजीव भट्ट, विनय सेमवाल, शीशराम कोठियाल, नरेंद्र नेगी, चरण नेगी, अभिषेक, कैलाश रमोला, डॉ.पदम, विवेक बधानी, महेंद्र बिष्ट, अव्वल सिंह श्रीकोटी, मनोज नेगी, किशन चौहान, डॉ.प्रमोद उनियाल, अवंतिका भंडारी, किरण, दुर्गा आदि मौजूद थे।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने की नुक्कड़ सभा

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर निगम चुनावों के मद्देनजर उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राजपुरा, भ्यारखोला, और ओढ़खोला में नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता से संवाद किया।

रेखा आर्या ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता की बात की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी अजय वर्मा की सरल और कर्मठ छवि की सराहना करते हुए लोगों से अपील की कि वे अजय वर्मा का समर्थन करें ताकि अल्मोड़ा का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। शक्ति केंद्र प्रभारी कुन्दन लटवाल और बूथ प्रभारी मीना भैसोड़ा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भी प्रचार में सक्रिय रहे। मेयर प्रत्याशी अजय वर्मा के नेतृत्व में साईं बाबा मंदिर वार्ड, नर्मदेश्वर वार्ड, रानीधारा वार्ड, सिद्धपुर वार्ड, और मिशन कंपाउंड वार्ड में भी जोरदार प्रचार अभियान चलाया गया।

इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। प्रचार अभियान में पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक, कैलाश गुरुरानी, कुंदन लटवाल, ख्याली पांडे, महेश बिष्ट, और मीडिया प्रभारी राजेंद्र बिष्ट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

युवक पर दुष्कर्म और मारपीट का आरोप

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश निवासी एक युवती ने डोईवाला निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया। आरोप है कि बाद में युवक ने उससे शादी कर ली, लेकिन मारपीट करने लगा।

हिमाचल प्रदेश से जीरो एफआईआर को कोतवाली विकासनगर ट्रांसफर किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक, पांवटा साहिब में एक ढाबे में काम करने वाले सूरज सिंह नाम के लड़के को वह जानती थी। वह उसके पास ढाबे में मिलती रही थी। वहीं पर दोनों की दोस्ती हो गई।

सूरज सिंह ने उसे शादी के लिए कहा, लेकिन उस समय उसकी उम्र कम थी, इसलिए मन कर दिया। आरोप है कि एक दिन सूरज युवती को हरबर्टपुर में एक होटल में ले गया।

प्रथम बार हुई जिले के सीमान्त क्षेत्र के बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु वाहनों की व्यवस्था

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सीमांत क्षेत्र त्यूणी के बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा हेतु चकराता में बनाए गए परीक्षा केन्द्र तक लाने तथा ले जाने हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई। यह प्रथम बार है जब जनपद देहरादून के सीमान्त क्षेत्र में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा हेतु बच्चों के आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था की गई। डीएम सविन बसंल जिले सरकारी स्कूलों में संसाधन बढाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, इसके लिए जनपद उत्कर्ष प्रोजेक्ट के तहत् स्कूलों संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त जवाहर नवोदय विद्यालय तथा राजीव गांधी नवादेय विद्यालय में सुविधा बढाने हेतु जिलाधिकारी ने स्वीकृति देते हुए फंड उपलब्ध कराने की बात कही है। डीएम एंव मुख्य विकास अधिकारी ने जिला योजना से बजट दिलाकर बच्चों के लिए प्रबन्ध किये जा रहे हैं जिसके लिए बच्चों एवं उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों द्वारा धन्यवाद दिया गया है। त्यूणी भूठ गांव के पूर्व पीटीआई अध्यक्ष भरत सिंह राणा ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के बच्चों को परीक्षा केन्द्र तक लाने ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था कर पुनीत कार्य डीएम ने किया जिससे बच्चे परीक्षा से वंचित नहीं हुए।

डीएम के निर्देश पर विकासनगर उप जिला चिकित्सालय में बढ़ी सुविधाएं

विकासनगर। डीएम सविन बंसल ने उपजिला चिकित्सालय विकासनगर के निरीक्षण चिकित्सालय में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में चिकित्सालय में सुविधा बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी ने नवंबर माह में उप जिला चिकित्सालय विकासनगर का औचक निरीक्षण कर दिए थे आवश्यक दिशा निर्देश, बाहर से दवाई लिखने पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम ने चिकित्सकों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिए थे कि यदि बिना ठोस कारण बाहर से दवाई लिखी गई तो कड़ी कार्रवाई संबंधित के विरुद्ध की जाएगी। वही चिकित्सालय में मरीजों के लिए फैसिलिटी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए थे।

पंजीकरण कक्ष बढाने के निर्देशो के क्रम में पंजीकरण कक्ष की संख्या बडाकर 02 कर दी गयी है एवं चिकित्सालय की साफ सफाई के लिये सफाई कर्मचारियो एवं समस्त स्टाफ को भी साफ सफाई रखने के लिये आदेशित किया गया है जिसका की नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के लिये भोजन की व्यवस्था हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नामित धरा स्वयं सहायता समूह द्वारा किचन संचालित किया जा रहा है, एवं मरीजो को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। चिकित्सालय मे चिकित्सको द्वारा बाहरी दवाईया लिखने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये सभी चिकित्सको को इ०डी०एल / चिकित्सालय में उपलब्ध दवाईयों को लिखने हेतु निर्देशत किया गया है।

एस०एन०सी०यू० में माह अगस्त से माह अक्टूबर 2024 तक कुल 104 बच्चे एवं माह नवम्बर मे कुल 24 बच्चे भर्ती हुये है।

हैदराबाद में भी माघ पर्व की रही धूम

विकासनगर। इन दिनों जौनसार बावर में चल रहे माघ त्योहार को क्षेत्र से बाहर रहने वाले प्रवासी अपने अपने शहरों में जोशोखरोश के साथ मना रहे हैं। इसी क्रम में हैदराबाद में रहने वाले जौनसार बावर कर्मचारी मंडल ने माघ महोत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मिलन समारोह में हैदराबाद में रहने वाले जौनसार बावर क्षेत्र के लोगों ने बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

तेलंगाना, हैदराबाद में जौनसार बावर क्षेत्र के लगभग तीस से पैंतीस प्रवासी परिवार रहते हैं जो वर्तमान में हैदराबाद के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहें है। हैदराबाद में आयोजित मिलन समारोह में सभी लोगो ने जौनसार बावर की परंपरागत वेशभूषा में प्रतिभाग कर धूमधाम से कार्यक्रम मनाया। मिलन समारोह में लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

भाजपा में समर्थकों संग शामिल हुए श्रमिक नेता विशाल बिरला

देहरादून। भाजपा महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विधायक खजान दास, मेयर प्रत्याशी सौरभ थपलियाल की मौजूदगी में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के श्रमिक नेता विशाल बिरला ने रविवार को अपने समर्थको समेत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है।

भाजपा नेता कंचन ने सफाई कर्मचारी एवं वाल्मीकि समाज में भाजपा की विचारधारा को रखकर सबको जोड़ने का काम किया है। राजपुर रोड विधायक खजानदास, कैंट विधायक सविता कपूर ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा नगर निगम बोर्ड बनाएगी। मेयर प्रत्याशी सौरभ थपलियाल ने कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र के माध्यम से जनता के बीच में जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। वह एक सेवक के रूप में काम करेंगे।

विशाल बिरला ने कहा कि सफाई मजदूरों के हक और बस्तियों को मालिकाना देने के बिंदु संकल्प पत्र में शामिल करने और पार्टी के जन कल्याणकारी निर्णय से प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी कुलदीप कुमार, चुनाव संयोजक जोगिंदर पुंडीर, श्याम अग्रवाल, मानिक निधि शर्मा, कुलदीप बुटोला, रविंद्र वाल्मीकि, विशाल गुप्ता, दिलीप कंडारी, सुनील शर्मा, संदीप मुखर्जी, आशीष शर्मा, अक्षत जैन, प्रदीप कुमार, विपिन खंडूड़ी, विनोद शर्मा, मोतीराम, पूजा पिहवाल, रेशमा कश्यप, विनय मलिक, अर्जुन गहलोत, विपिन गहलोत आदि शामिल थे।

त्रिमूर्ति नगर में सीवर लाइन का सर्वे कराने के निर्देश

हरिद्वार। उपनगरी ज्वालापुर के त्रिमूर्ति नगर में लोगों को सीवर लाइन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान (सीवर शाखा) हरीश कुमार बंसल ने अधीनस्थ अधिकारियों को क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए है।

सर्वे के बाद सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव ईई स्तर से निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखंड पेयजल निगम हरिद्वार को भेजा जाएगा। सीवर लाइन बिछाने के लिए त्रिमूर्ति नगर को के-एफडब्लू (जर्मन इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक) की सीवर परियोजना से जोड़ने की योजना है। त्रिमूर्ति नगर वार्ड 44 के लोग सीवर की सुविधा से वंचित है। क्षेत्र के 850 परिवार सीवर लाइन से नहीं जुड़े हुए है। मामला संज्ञान के बाद होने के बाद ईई जल संस्थान (सीवर शाखा) ने अधीनस्थ अधिकारियों को त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए है। ईई ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। क्षेत्र के सभी छूटे हुए घरों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। बताया कि एक सप्ताह में सर्वे पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद केएफडब्लू डेवलेपमेंट बैंक की सीवर परियोजना से क्षेत्र को जोड़ने के लिए प्रस्ताव बना कर भेजा जाएगा।

मतदान केन्द्र में शराब पीकर आने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

पिथौरागढ़। नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्वक कराने को लेकर प्रेक्षक ने सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाओं को सही रखने के निर्देश दिए हैं। रविवार को बेरीनाग नगर पालिका व गंगोलीहाट नगरपालिका के प्रेक्षक आरडी पालीवाल ने बेरीनाग के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जीआईसी बेरीनाग में निकाय चुनाव को लेकर बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में शराब पीकर आने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर आरपी नैथानी को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए दिशा–निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

सेलाकुई में 15 लाख की स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र में पुलिस ने 49 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। स्मैक का अनुमानित बाजार मूल्य 15 लाख बताया जा रहा है। दोनों अभियुक्तों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत सेलाकुई थाना पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो अलग–अलग व्यक्तियों की तलाशी ली। इनके पास से कुल 49 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थानाध्यक्ष शैंकी कुमार ने बताया कि एक अभियुक्त की पहचान लईक मूल निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल निवास पीठ वाली गली सेलाकुई के रूप में हुई। आरोपी से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जबकि दूसरे अभियुक्त की पहचान मोहम्मद आरिफ निवासी बीसलपुर–पीलीभीत उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। आरोपी से 28 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ करने पर अभियुक्त लईक ने बताया उन दोनों ने बदायूं के रहने वाले यूसुफ नाम के व्यक्ति के माध्यम से स्मैक प्राप्त की। दोनों इसे औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों और शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को बेचकर मुनाफा कमाने के फिराक में थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

38वें नेशनल गेम्स के लिए नीरज चोपड़ा का खास संदेश

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी 28 जनवरी से 38वें नेशनल गेम्स यानी राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। ऐसे में राष्ट्रीय खेल और पीएम मोदी के दौरे को लेकर तैयारियां मुकम्मल की जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय खेल को लेकर तमाम दिग्गज शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अपनी शुभकामनाएं दी है। नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रीय खेल में हिस्सा लेने जा रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि खिलाड़ी अपना शत प्रतिशत फोकस के साथ अपने मन को शांत रखकर परफॉर्मेंस दें। राष्ट्रीय खेल से बहुत सारे एक्सपीरियंस लेकर आएं, ताकि आने वाले गेम्स में मदद मिल सके। सभी को शुभकामनाएं। बता दें कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के लिए महज 9 दिन बचे हैं। ऐसे में पूरे युद्धस्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल में करीब 10 हजार खिलाड़ी प्रतिभाग करने जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेल में उत्तराखंड के 750 खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। जबकि, 18 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रदेश के 12 जगहों पर 35 खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

इन स्थानों पर होंगे ये खेल

देहरादून– आर्चर, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, गोल्फ, लॉन बॉल, शूटिंग, नैटबॉल, रग्बी सेवन, टेनिस, वुशु, स्क्वैश और जूडो।

हरिद्वार– हॉकी, रेसलिंग, कबड्डी और कलारीपयट्टू ।

ऋषिकेश (शिवपुरी)– सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल और बीच कबड्डी। टिहरी (कोटी कॉलोनी)– कैनोइंग, कयाकिंग और रोइंग। रुद्रपुर– वॉलीबॉल, हैंडबॉल, साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड और शूटिंग ट्रैप एंड स्कीट। खटीमा– मल्लखंभ भीमताल– साइकिलिंग एमटीबी हल्द्वानी– ताइक्वांडो, खोखो, फेंसिंग, फुटबॉल, मॉर्डन पेंटाथलान, स्विमिंग और ट्राइथलाइन

अल्मोड़ा– योगासन

पिथौरागढ़– बॉक्सिंग

टनकपुर– राफ्टिंग

नैनीताल– कलारीपयट्टू

हरबर्टपुर और विकासनगर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

विकासनगर। । निकाय चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरबर्टपुर, विकासनगर में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। कोतवाली पुलिस ने हरबर्टपुर के रामबाग, देहरादून रोड, केनाल रोड, सहारनपुर रोड, पांवटा साहिब रोड, हरिपुर में फ्लैग मार्च किया। जबकि विकासनगर में मुख्य बाजार, कोतवाली बाईपास, 28 फिटा रोड, 14 फिटा रोड, मुस्लिम बस्ती, डाकपत्थर चौक, कैनाल रोड आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। शहर कोतवाल राजेश साह ने आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की। साथ ही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338